www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत

2 महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की...
3 जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मचारी का छह महीने से...
4 हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष ने हिमाचल के...

वर्ष: 9 | अंक: 119 | दिल्ली, शनिवार, 22 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

प्रधानमंत्री मोदी ने स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

भारत आज एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है: प्रधानमंत्री

संजना भारती/पीआईबी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। सभी बड़े नेताओं और उभरते युवा नेताओं का स्वागत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कुछ कार्यक्रम बहुत खास होते हैं और आज का कार्यक्रम ऐसा ही था। प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास आवश्यक है, प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं को तैयार करना आवश्यक है और यह समय की मांग है। इसलिए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास

यात्रा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एसओयूएल सिर्फ संगठन का नाम नहीं है, बल्कि एसओयूएल भारत के सामाजिक जीवन की आत्मा होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे अर्थों में, एसओयूएल आध्यात्मिक अनुभव के सार को भी खूबसूरती से दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।" उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में गति को बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता है। एसओयूएल जैसे नेतृत्व संस्थानों की परिवर्तनकारी बदलाव लाने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संस्थान न केवल एक विकल्प हैं, बल्कि आवश्यकता भी हैं।

इस कार्यक्रम में भूटान के प्रधानमंत्री श्री दाशो शेरिंग तोबगे, एसओयूएल बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुधीर मेहता और उपाध्यक्ष श्री हसमुख अधिया अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ में उपस्थित थे। इन गणमान्य लोगों ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। श्री मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री को भूटान नरेश के जन्मदिवस के दिन इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद भी दिया।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की मुलाकात

एसबी संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पदभार संभालने के एक दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में और उपराष्ट्रपति धनखड़ से राष्ट्रीय राजधानी में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में मुलाकात की। इससे पहले दिन में, रेखा गुप्ता ने समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी, जिसे आप ने 'अवरुद्ध' कर दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे के मुद्दों के बारे में भी बात की जिन पर आगामी कैबिनेट बैठकों में चर्चा की जाएगी।

मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा कि कल कैबिनेट बैठक में हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी, जिसे 'आप' ने रोक दिया था। योजना जल्द ही सार्वजनिक डोमेन में होगी। हम गड्ढों के मुद्दे को उठाएंगे। सीएम



रेखा गुप्ता ने भी लोगों से बातचीत की, क्योंकि शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शालीमार बाग में उनके आवास के बाहर उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे। लोग मालाएं और फूलों के गुलदस्ते लेकर उन्हें बधाई देने पहुंचे।

भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है: सीएम योगी आदित्यनाथ

(एजेन्सी)।

उत्तर प्रदेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा के अनुरूप प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक डॉ. रागिनी सोनकर के प्रश्न के जवाब में कहा, उत्तर प्रदेश ने एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है और भारत तीन नहीं पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की

दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सपा सदस्य पर तंज कसते हुए कहा, आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं, क्योंकि आपके नेता बोलते थे कि भारत कभी विकसित देश नहीं बन सकता इसलिए आप उनका अनुसरण हीं करेगी। योगी ने कहा, भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 में भारत पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है और दुनिया की सबसे तेजी उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में सर्वाधिक विकास दर के साथ भारत आज दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है और इस पर 140 करोड़ भारतवासियों को गौरव का अहसास होनी चाहिए।

योगी ने कहा, लेकिन प्रधानमंत्री की प्रेरणा के अनुरूप प्रदेश ने एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।

अरविंदर सिंह लवली होंगे दिल्ली विधानसभा के 'प्रोटेम स्पीकर' : विजेंद्र गुप्ता

एसबी संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के विधायक और दिल्ली विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन में प्रोटेम स्पीकर की भूमिका निभाएंगे। प्रोटेम स्पीकर अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष होते हैं, जो पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक सीमित समय के लिए सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली की जनता के जोश और जुनून के अनुरूप कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई है, जिसमें आगे की कार्यवाही कैसे आगे बढ़ेगी इस पर कुछ चर्चा हुई है। प्रोटेम स्पीकर के सवाल पर गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यसूची शाम तक जारी कर दी जाएगी और यह भूमिका लवली अदा करेंगे।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिला अधिवक्ताओं का शिष्टमंडल

एसबी संवाददाता

वाराणसी। शुक्रवार को तमिल संगमम में शामिल होने के लिए वाराणसी पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बनारस बार के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी और सेन्ट्रल बार के निवर्तमान अध्यक्ष मुरलीधर सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक शिष्टमंडल सर्किट हाउस में मिला। अधिवक्ताओं ने पत्रक देकर अधिवक्ता आयुष्मान कार्ड योजना शुरू करने की मांग केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की।

शिष्टमंडल में बनारस बार के अध्यक्ष सतीश तिवारी, महामंत्री शशांक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र नाथ पांडेय, मुरलीधर सिंह, विपिन शुक्ला, गौतम कुमार झा सहित दर्जनों अधिवक्ता शामिल थे।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात करते हुए अधिवक्तागण। (छाया: एसबी)

राज्यपाल बागडे की महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात

एसबी संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की शुक्रवार को राजभवन, मुंबई में महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात हुई।

दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

आचार्य विद्यासागर जी मानवता के पोषक संत: राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

एसबी संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को मुम्बई पहुंचे। उन्होंने वहां दादर स्थित योगी सभागार में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लिया और उन्हें अपनी आदरांजलि अर्पित की। उन्होंने इस दौरान आचार्य श्री द्वारा देश में गौशालाओं की स्थापना, हथकरघा उद्योग के प्रोत्साहन, शिक्षा के क्षेत्र में दिए योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि संत-महात्मा किसी एक समुदाय के नहीं मानव मात्र के कल्याण से जुड़े होते हैं। आचार्य विद्यासागर जी ऐसे ही संत थे। उन्होंने उनकी तपस्चर्या और जीवन से जुड़े आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

श्री बागडे ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी को प्रणाम निवेदित करते कहा कि वे अपने गुरु के कार्य को आगे बढ़ाकर समाज के उन्नयन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

सीएम ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के समक्ष उठाया हरियाणा के पानी का मुद्दा

भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण न केवल भारत की चिंता है, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन गया है: सीएम सैनी

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के समक्ष हरियाणा के हितों की बात करते हुए कहा कि 30 जनवरी 1987 को रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण द्वारा दी गई अपनी रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए, ताकि हमारे न्यायोचित हिस्से का पानी हमें शीघ्र मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह बात रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के दौरे के दौरान हुई बैठक में कही।

श्री नायब सिंह सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनीत सरन, सदस्य न्यायमूर्ति पी. नवीन राव और सुमन श्याम का हरियाणा की 2 करोड़ 80 लाख जनता की और से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी 1987 को रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण ने अपनी रिपोर्ट दी थी। उस दिन से आज तक हरियाणा का हर बच्चा, नवयुवक और बुजुर्ग इस विषय में अंतिम निर्णय आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लिए एसवाईएल भी एक

■ रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण 30 जनवरी 1987 को दी गई अपनी रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय जल्द लें, ताकि हरियाणा को मिले उसके हिस्से का पानी-मुख्यमंत्री

महत्वपूर्ण मुद्दा है और माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के हक में फैसला भी दिया गया है, लेकिन फिर भी अभी तक पंजाब की ओर से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हम लगातार कई मंचों से कह चुके हैं कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए, लेकिन पंजाब सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही एसवाईएल के विषय का समाधान होगा।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, हरियाणा व पंजाब के महाधिवक्ता भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि: 'राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह' का आयोजन 24 फरवरी को

एसबी संवाददाता

जयपुर। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में सोमवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 19 वीं किश्त जारी करने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुगार्पुरा, जयपुर में आयोजित किये जा रहे 'राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह' की व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में 'किसान सम्मान समारोह' के आयोजन की तैयारियों को लेकर कृषि व सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने समारोह की तैयारियों हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की प्रगति की समीक्षा की एवं दिये गये कार्यों को समय पर जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये।

श्री राजन विशाल ने बताया कि समारोह को बहुपयोगी बनाने के लिए अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेन्द्र कुमार को वेन्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर, निमंत्रण पत्र प्रारूप एवं आमंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी है।

वहीं फार्मर मूवमेन्ट एवं पंजीकरण की जिम्मेदारी संयुक्त निदेशक उद्यान हिम्मत सिंह और संयुक्त निदेशक (कृषि विपणन) केसर सिंह को दी गई है। इसी तरह प्रदर्शनी कमेटी की जिम्मेदारी अतिरिक्त निदेशक उद्यान अतर सिंह मीणा व मीडिया कमेटी की जिम्मेदारी संयुक्त निदेशक कृषि (फसल बीमा) डॉ0 जगदेव सिंह को दी गई है।

बैठक में आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल, आयुक्त उद्यानिकी सुरेश कुमार ओला, अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग रविन्द्र कुमार शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी श्रीमती कौशल्या सांस्कृत्य, निदेशक श्याम हीरेन्द्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सुरेन्द्र सिंह शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि टी.के. जोशी सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

मेरे कार्यकाल में केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी होंगी: नितिन गडकरी

(एजेन्सी)।

केरल। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की जाएंगी, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की आगामी परियोजनाएं भी शामिल हैं। गडकरी ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि सड़क क्षेत्र राज्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें पर्यटन की वृद्धि की संभावना का भी उल्लेख किया। केरल

अपने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्य में 20,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की हैं और 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं। उन्होंने कहा, मुझे केरल के लिए कुछ नई परियोजनाओं की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है... सड़क क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है...हमारे पास 896 किलोमीटर लंबी 31 परियोजनाएं हैं जिनकी लागत 50,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार राज्य में सभी प्रकार के विकास का समर्थन करेगी। सड़क क्षेत्र में कम से कम मेरे कार्यकाल में हम केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी करेंगे।

■ संक्षिप्त समाचार

500 रुपये में सिलेंडर देने की तैयारी में दिल्ली सरकार

नई दिल्ली (एजेन्सी)। दिल्लीवालों को होली से पहले मुफ्त सिलेंडर का तोहफा दिल्ली सरकार दे सकती है। भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। योजना का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। कैबिनेट की अगली बैठक में इस पर फैसला भी लिया जा सकता है। दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के साथ इस बारे में बैठक हुआ है। होली और दिवाली गरीब महिलाओं को एक-एक एलपीजी सिलेंडर दिए जाने की योजना का खाका तैयार हो गया है। शुक्रवार दिल्ली सचिवालय में सिरसा ने कहा कि इस योजना के लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अगले दो दिनों में होने वाली कैबिनेट बैठक में फ्री सिलेंडर की योजना पर मुहर लग जाएगी। साल में दो सिलेंडर फ्री दिए जाने के साथ साल के अन्य 10 और सिलेंडर पर भी सब्सिडी देकर कुल 500 रुपये की कीमत पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने संकल्प पत्र के हर वादे को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा

नई दिल्ली (एजेन्सी)। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से एक्शन मोड में हैं। सूत्रों के हवाले खबर है कि दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने विधानसभा का सत्र बुलाया है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा। इस सत्र में कैग रिपोर्ट को पेश किया जा सकता है। गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

दिल्ली के कुछ हिस्सों में हुई हल्की बारिश

नई दिल्ली (एजेन्सी)। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार सुबह हल्की बारिश हुई और अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.9 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 3.2 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में शुक्रवार को बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। उसने बताया कि दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को, पिछले 24 घंटों में 0.9 मिमी बारिश हुई। राजधानी में शाम 5.30 बजे आर्द्रता का स्तर 55 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में शाम छह बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 158 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

रोडवेज बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

बिजनौर (एजेन्सी)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह राज्य परिवहन निगम (रोडवेज) की बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। चांदपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) पुष्कर मेहरा ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे चांदपुर के एक निजी स्कूल के पास नूरपुर की ओर से आ रही रोडवेज की बस से आगे निकलने की कोशिश में मोटरसाइकिल सवार युवक बस की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार विपिन (24) और कोशिंदर (27) की मौत हो गयी। एसएचओ ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बोर्ड परीक्षा से पहले हाईस्कूल के छात्र की मौत

ओडिशा (एजेन्सी)। ओडिशा के बालासोर जिले में तीन दिन पहले सामुदायिक भोज में खाना खाने के बाद बीमार पड़े 10वीं कक्षा के एक छात्र की शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा से कुछ घंटे पहले मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बहनागा प्रखंड के बारीपदा ग्राम निवासी चंद्रशेखर माझी (15) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सामुदायिक भोज के बाद चंद्रशेखर बीमार पड़ गया, लेकिन दवा लेने के बाद वह ठीक हो गया था। पुलिस ने बताया, ह्यह्यअपने गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर कल्याणी नुआपुर हाई स्कूल में बोर्ड परीक्षा के लिए जाने की तैयारी करते समय वह अचानक गिर पड़ा और उसे सोरो अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सम्पादकीय

एक तीर से अनेक निशाने

रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी।

जयंती

कमला चौधरी

जन्म-22 फरवरी, 1908, लखनऊ; मृत्यु-1970, मेरठ) उन महिला समाज-सुधारकों और लेखिकाओं में से एक थीं, जिन्होंने महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सामाजिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक स्तर पर प्रयास किया। शाही सरकार के लिए अपने परिवार की निष्ठा से दूर जाने से कमला चौधरी राष्ट्रवादियों में शामिल हो गईं और साल 1930 में गांधीजी द्वारा शुरू किये गए 'नागरिक अवज्ञा आंदोलन' में उन्होंने सक्रियता से हिस्सा लिया। वह अपने 50वें सत्र में 'अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी' की उपाध्यक्ष थीं और सत्तर के उत्तरार्ध में लोकसभा के सदस्य के रूप में चुनी गयी थीं। कमला चौधरी एक प्रसिद्ध कथा लेखिका भी थीं। उनकी कहानियां आमतौर पर महिलाओं की आंतरिक दुनिया या आधुनिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव से निपटाती थीं।

पुण्यतिथि

कस्तूरबा गाँधी

जन्म: 11 अप्रैल, 1869; मृत्यु: 22 फरवरी 1944 ई.), महात्मा गांधी की पत्नी जो भारत में 'बा' के नाम से विख्यात हैं। भारत के गौरवशाली इतिहास में बलिदान की इतनी गाथाएँ हैं कि सितारों की गिनती तक कम पड़ जाती है। अगर हम अपने इतिहास की विवेचना करने बैठें तो महिलाओं के बढ़-चढ़कर योगदान देखने को मिलेंगे, फिर चाहे वो संस्कृति हो, परंपरा, राजनीति, अर्थव्यवस्था, युद्ध, शांति या कुछ और, कोई भी विद्या नारी स्पर्श से अछूती नहीं रही है। अगर हम अपने स्वतंत्रता संग्राम की ही बात करें तो अनगिनत महिलाओं का नाम प्रतिबिंबित होता है जो बहुत सक्रिय रहीं सबसे पहली महिला जिनका नाम ही स्वतंत्रता का पर्याय बन गया है वो हैं 'श्रीमती कस्तूरबा गाँधी'। कस्तूरबा गाँधी महात्मा गाँधी की पत्नी थीं।

कल मिलेंगे

गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड सोनू को मिला.
सोनू-गर्लफ्रेंड थी तो क्या हुआ, जाऊंगा तो मैं जरूर.
प्यार अपनी जगह, बटर चिकन अपनी जगह!

संजना भारती दैनिक

भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

RNI No. : DELHIN/2016/70240

Phone No.: 9871221635

E-mail ID: sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की पराकाष्ठा

मुख्यमंत्री ने संगम जल की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सभी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि संगम व महाकुंभ को बदनाम करने के लिए लगातार झूठा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नलों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है

-मृत्युंजय दीक्षित

प्रयागराज में दिव्य-भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं। खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है।

मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है।

इंडी गठबंधन के कई दलों के प्रमुख नेता जहाँ महाकुंभ की आलोचना कर रहे हैं वहीं उन्हीं दलों के बहुत से नेता वीवीआईपी टीट्रमेंट के साथ गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डीके शिवकुमार, अजय राय, सचिन पायलट यह सभी माँ गंगा में डुबकी लगा चुके हैं।

यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे है कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है। तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो? सपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी महाकुंभ के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया जा रहा है। महाकुंभ - 2025 पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा तक दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने कहा था कि संगम पर भीड़ देखकर लगता है कि स्वर्ग हाउसफुल हो जायगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा सत्र में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को फालतू कुंभ और मृत्यु कुंभ बताने वालों को सटीक और कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सनातन का आयोजन भव्यता से करना अगर अपराध है तो ये अपराध मेरी सरकार ने किया है आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में सपा पर हमलावार होते हुए कहाकि सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करती है यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे, ये इनके सामान्य ज्ञान का स्तर है। मुख्यमंत्री ने कहा इतने बड़े सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

मुख्यमंत्री ने संगम जल की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सभी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि संगम व महाकुंभ को बदनाम करने के लिए लगातार झूठा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नलों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। आज की रिपोर्ट के अनुसार संगम के पास बीओडी की मात्रा 3 से कम है और घुलित ऑक्सीजन 8-9 के आसपास है। इसका तात्पर्य यह है कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त है।

हिंदू विरोधी इंडी गठबंधन के नेताओं की हिंदू आस्था पर आघात करने की आदत बन चुकी है। यह सभी दल हीन भावना से ग्रसित हो चुके हैं इन्हें हिंदू समाज का उत्थान, हिंदू समाज का वैभव पसंद नहीं आ रहा है, जाग्रत, एकता से युक्त, एकरस हिंदू समाज इनको पसंद नही आ रहा है इन सभी दलों को मां गंगा की अविरल धारा में अपनी राजनीति समाप्त होती नजर आ रहा है जिस कारण यह सभी एक स्वर में महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताने लग गये हैं। वास्तविकता यह है कि समरसता के इस समागम में सनातन संस्कृति साकार हो रही है आम हिंदू जन पहली डुबकी शुचिता की, दूसरी भक्ति की और तीसरी ज्ञान की लगा रहे हैं। यह महाकुंभ- 2025 और संगम एकता, प्रेम, त्याग तपस्या का प्रतीक बन चुका है। यह महाकुंभ श्रद्धा और विश्वास का समागम बन चुका है। आज संपूर्ण वैश्विक जगत महाकुंभ 2025 के आयोजन को अद्वितीय, अकल्पनीय बताकर व्यवस्थाओं की सराहना कर रहा है। महाकुंभ में सनातन की हर धारा दृश्यमान है।

महाकुंभ की यात्रा अंतर्मन की यात्रा है और यहां पर आने वाला हर श्रद्धालु निष्कपट भाव से एकरस होकर एक विचार के साथ पवित्र संगम की डुबकी लगाने के लिए आ रहा है और विरोधी दलों के नेता उन सभी श्रद्धालुओं की सेवा और सत्कार करने के बजाय उन सभी की आस्था का घोर अपमान कर रहे है। दूर दराज से आ रहे श्रद्धालुओं के चेहरे पर कोई शिकन नहीं है अपितु उनके मन में एक संकल्प है और वह अपने संकल्प की सिद्धि के लिए पूर्ण अनुशासन, धैर्य, संयम के साथ आगे बढ़ते जाते हैं।

शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे में

वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया

-ललित गर्ग

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है।

भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं।

वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में अनियंत्रित इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित, अश्लील, अनुपयोगी सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग छात्रों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए बुरा है तथा इसके लगातार उपयोग से चिंता का स्तर बढ़ता है, आत्म-सम्मान कम होता है तथा अकेलेपन की भावना बढ़ती है। इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है।

बदलते शैक्षणिक परिदृश्यों में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित एवं संयमपूर्वक किया जाना नितांत अपेक्षित होना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पूरी दुनिया में बढ़ता मोबाइल फोन का प्रचलन एक संकट है एवं एक चुनौती है। क्या हम वाकई सोचते हैं कि छात्रों को स्कूल में ज्यादा स्क्रीन टाइम की जरूरत है? कुछ सर्वेक्षण के परिणामों ने विश्वविद्यालय के संसाधनों और शैक्षणिक जानकारी तक मोबाइल पहुँच के लिए छात्रों की बढ़ती माँग को प्रदर्शित किया, साथ ही अपने साथियों और प्रशिक्षकों के साथ तेज, व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव डिजिटल संचार की बढ़ती जरूरतों को भी दशार्या। भारत में स्मार्टफोन के उपयोग को बैन करने का निर्णय जल्दबाजी में न हो, पहले अनुसंधान हो, परामर्श किया जाना चाहिए तथा उनके अनुप्रयोग पर गहन विचार किया जाना चाहिए। निश्चित तौर पर स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन सबकुछ इसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे छात्रों की स्वतः स्फूर्त मेधा कुंद होने का खतरा है। छात्र जीवन को तकनीक का वन नहीं, बल्कि पुरुषार्थ और प्रतिभा का उपवन बनाये। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परन्तु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है, जिसका अधिकाधिक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

ट्रंप के रुख के बाद जेलेंस्की के समर्थन में आए यूक्रेनवासी

(एजेन्सी)।

यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूक्रेनवासी उतने ही उदास और तनावग्रस्त हैं, जितने मॉस्को द्वारा युद्ध शुरू करने से ठीक पहले थे। अब, वे केवल अपने पुराने दुश्मन के बारे में चिंतित नहीं हैं। यूक्रेन के लिए चौंकाने वाला नया खतरा उसके एक समय के सबसे अच्छे सहयोगी, अमेरिका से है, जिसका समर्थन कमजोर पड़ता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकने का संकल्प जताते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वर में स्वर मिलाते दिख रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया था कि यूक्रेन का नेतृत्व एक तानाशाह कर रहा है जिसने रूस के साथ युद्ध शुरू किया। इसके बाद यूक्रेनी लोग जेलेंस्की के प्रति समर्थन जता रहे हैं, जिन्होंने रूस की गलत सूचनाओं को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। कीव की 25 वर्षीय तकनीकी कर्मचारी कैटरीना करौश ने कहा, हां, वह एक आदर्श राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन वह तानाशाह भी नहीं हैं। लंबे समय से चली आ रहीं चुनौतियों के बावजूद, यूक्रेन के लोगों ने अमेरिका से भारी सैन्य समर्थन के साथ रूस को अपने देश पर कब्जा करने से रोका हुआ है, भले ही इसका लगभग पांचवां हिस्सा अब रूस के नियंत्रण में है। लेकिन तीन साल के युद्ध के बाद, नागरिक और सैनिक दोनों ही थक चुके हैं। हजारों लोग मारे गए या घायल हुए हैं, हजारों लापता हैं और लाखों लोग देश छोड़कर चले गए हैं।

उद्योग को इस्पात आयात पर लगाम लगाने के लिए सरकार की कार्रवाई का इंतजार : टाटा स्टील

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। टाटा स्टील के सीईओ टी वी नरेंद्रन ने कहा कि उद्योग को इस्पात आयात पर लगाम लगाने के लिए सरकार की कार्रवाई का इंतजार है, क्योंकि इससे घरेलू कंपनियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि बढ़ते आयात की मौजूदा स्थिति के कारण इस्पात क्षेत्र में भविष्य में निवेश प्रभावित हो सकता है। इस्पात उद्योग पिछले कुछ वर्षों में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े निवेशकों में से एक रहा है। उद्योग की सभी कंपनियों ने बड़ी विस्तार योजनाओं की घोषणा की है।

राष्ट्रीय राजधानी में अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 69वें स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने पीटीआई-से कहा कि विस्तार का एक दौर पूरा हो रहा है। एआईएमए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्रन ने कहा कि बहुत सारा ऐसा इस्पात, जिसे कहीं और बाजार नहीं मिल पाता, भारत में आ जाता है। इसके चलते यहां कीमतें उस स्तर तक गिर जाती हैं, जहां इस्पात कंपनी को स्वस्थ नकदी प्रवाह के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपनी कुल स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक ले जाना है और सभी बड़ी इस्पात कंपनियों ने पहले ही अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा कर दी है। इस्पात और स्टेनलेस स्टील उद्योग की कंपनियां लगातार सरकार के साथ आयात के मुद्दे को उठा रही हैं। उनका दावा है कि चीन सहित चुनिंदा देशों से आने वाली खेप में उछाल ने उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित किया है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) ने इस संबंध में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) के पास पहले ही आवेदन दायर कर दिया है, जो इसकी समीक्षा कर रहा है।

चीनी नौसेना का अभ्यास, ऑस्ट्रेलिया का विमानन कंपनियों को सावधान रहने का संदेश

(एजेन्सी)।

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने उसके देश के हवाई अड्डों और न्यूजीलैंड के बीच उड़ान संचालित करने वाली अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों को चेतावनी दी है कि चीनी युद्धपोत तस्मान सागर में युद्धाभ्यास कर रहे हैं जिसके मद्देनजर वे सावधान रहें। तस्मान सागर दक्षिण प्रशांत महासागर का एक सीमांत सागर है, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच स्थित है। वोंग ने ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की उस खबर की पुष्टि की कि नियामक एयरसर्विसेज ऑस्ट्रेलिया ने वाणिज्यिक पायलेट्स को दोनों देशों के बीच हवाई क्षेत्र में संभावित खतरे के बारे में चेतावनी दी है। क्योंकि चीन के तीन युद्धपोत ऑस्ट्रेलियाई पूर्वी तट पर अभ्यास कर रहे हैं। एबीसी की खबर के अनुसार, कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया चीन के साथ उसके नौसैनिक अभ्यासों, विशेष रूप से गोलीबारी के अभ्यासों के बारे में अधिसूचना और पारदर्शिता पर चर्चा कर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई सैन्य जहाज और विमान कई दिनों से चीनी युद्धपोतों पर नजर रख रहे हैं क्योंकि ये युद्धपोत ऑस्ट्रेलियाई पूर्वी तट से अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र से गुजर रहे हैं। आस्ट्रेलिया एवं अंतरराष्ट्रीय पायलट संगठन के उपाध्यक्ष कैप्टन स्टीव कॉर्निल ने इस बात की आलोचना की कि चीन ने यहां अभ्यास करने का निर्णय किया। कॉर्निल ने एक बयान में कहा, दुनिया के इस हिस्से में चीनी युद्धपोतों का होना सामान्य बात नहीं है। पायलटों को अक्सर ही बाधाओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वह इस तरह के सैन्य अभ्यासों से हो या रॉकेट प्रक्षेपण, अंतरिक्ष मलबे या ज्वालामुखी विस्फोट जैसी अन्य घटनाओं से हो।

केरल ने पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में बनाई जगह

(एजेन्सी)।

**केरल

उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ता संशोधन बिल पर जताया विरोध

डीएम पोर्टिको में अधिवक्ता संशोधन बिल के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए अधिवक्तागण। (छाया: एसबी)

'उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के आह्वान पर जिस प्रकार बनारस बार और सेन्ट्रल बार ने एडवोकेट एक्ट में संशोधन पर आन्दोलन को जो धार दिया है वह काबिले तारीफ है। सुखद परिणाम जल्द मिलेगा।'

-विनोद कुमार पाण्डेय
सदस्य, यूपी बार कौंसिल

'अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल-2025 में संशोधन करके सरकार अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन करना चाहती है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।'

-राजेश गुप्ता
महामंत्री, सेन्ट्रल बार

'अधिवक्ता अधिनियम 1961 में किसी प्रकार अनावश्यक संशोधन स्वीकार नहीं किया जायेगा। बनारस बार जल्द बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय करेगा।'

-शशांक श्रीवास्तव
महामंत्री, बनारस बार

'एडवोकेट एक्ट में प्रस्तावित संशोधन अधिवक्ताओं के हित के विपरित है, अधिवक्ता इस संशोधन को कभी स्वीकार नहीं करेगा, आन्दोलन को और धार दिया जाएगा।'

-गौतम कुमार झा
अध्यक्ष, बनारस एडवोकेट गिल्ड।

एसबी संवाददाता

वाराणसी। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता शुक्रवार को आन्दोलित रहे। वाराणसी सहित अधिकांश जिलों के बार संघों ने उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर एडवोकेट एक्ट में संशोधन का विरोध किया।

वाराणसी में एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर तहसील से लगायत कमिश्नरी बार, सेन्ट्रल बार और बनारस बार ने विरोध स्वरूप सम्पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर न्यायालयों में कामकाज ठप कर दिया। सुबह अधिवक्ताओं का समूह दिवानी न्यायालय में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम पोर्टिको में प्रस्तावित संशोधन के विरोध में केन्द्रीय सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसीएम द्वितीय को पत्रक देकर अपना विरोध जताया। अधिवक्ताओं का कहना था कि सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 के माध्यम से अधिवक्ताओं के स्वतंत्रता और स्वायत्तता का हनन करना चाहती है जिसे कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा।

एडवोकेट एक्ट में संशोधन के खिलाफ प्रदर्शन, नारेबाजी में सेन्ट्रल बार के अध्यक्ष मंगलेश दूबे, महामंत्री राजेश गुप्ता, बनारस बार के अध्यक्ष सतीश तिवारी, महामंत्री शशांक श्रीवास्तव, बार कौंसिल यूपी के सदस्य विनोद पांडेय, मुरलीधर सिंह, सुरेन्द्र नाथ पांडेय, विवेक सिंह, दीपक राय कान्हा, आशीष सिंह, शशिकांत दूबे, रमाशंकर प्रजापति, सतीश यादव, नित्यानंद राय गौतम कुमार झा सहित सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान हेतु कार्यशाला आयोजित

एसबी संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन, जयपुर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिलों के सभी आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) समन्वयकों एवं पीपीएम (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कार्यशला को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक आमजन को टीबी रोग की सही जानकारी सुलभ नहीं होगी, तब तक एक स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। इस दिशा में आईईसी समन्वयकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य पर राजस्थान सरकार द्वारा आगामी 11 मार्च से 24 मार्च तक पूरे प्रदेश में टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर क्षय रोग (टीबी) को समाप्त करने के लिए जनजागरूकता बढ़ाना और रोग उन्मूलन हेतु सक्रिय कदम उठाना है। कार्यशाला के दौरान राज्य टीबी अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सोनी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक टीबी से जुड़ी जानकारी और बचाव के उपाय पहुंच सकें।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मचारी का छह महीने से बकाया पारिश्रमिक का दो घंटे के भीतर कराया भुगतान

जनता के दरबार में जिलाधिकारी सत्तर से अधिक लोगों से मिले, किया समाधान

एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय

हाजीपुर। शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी का जनता दरबार हुआ। जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए 70 से अधिक फरियादी अपनी-अपनी समस्या को लेकर जिलाधिकारी से मिले। इनमें से कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट ही कर दिया गया।

अशोक कुमार मल्लिक, रसलपुर ग्राम, प्रखंड-जंदाहा ब्लॉक ऑफिस में साफ-सफाई का कार्य करते हैं। छह महीने से पारिश्रमिक नहीं मिल रहा था। इन्होंने जिलाधिकारी को आवेदन देकर बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी से पारिश्रमिक मांगने पर वे प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पास भेज देते हैं और वहां जाने पर वे बीडीओ साहब के यहां जाने को कहते हैं। पारिश्रमिक नहीं मिलने से घर-परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

जिलाधिकारी ने ऐसी स्थिति के लिए नाराजगी प्रकट करते हुए फोन पर ही जंदाहा के बीडीओ को निर्देश दिया कि तुरंत पारिश्रमिक का भुगतान करें। निर्देश के दो घंटे के अंदर ही भुगतान हो गया। अशोक मल्लिक ने इसके लिए जिलाधिकारी के प्रति शुक्रिया अदा की है। शुक्रवार को जिलाधिकारी जनता दरबार में 70 से अधिक लोगों से मिलें। उनकी परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान वे फोन कर और आवेदन को खुद स्कैन कर संबंधित पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन के लिए निर्देशित करते रहे।

आवेदकों में सैदाबाद, राघोपुर के कारू शर्मा ने बासगीत के लिए चांदपुर कला, गोरौल के हरिशंकर दास ने नलकूप चालू करने के लिए, राम लक्ष्मी नारायणपुर, महुआ केअवधेश साह ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए, पहाड़पुर तोई, सहदेई बुजुर्ग के गुलशन खातून ने सड़क दुर्घटना मुआवजा के लिए, भगवानपुर की रसिया खातून ने जमाबंदी सुधार के लिए, पातेपुर की कैलाशी देवी ने राशन कार्ड के लिए तथा हाजीपुर एसडीओ रोड के संजीव कुमार ने दाखिल खारिज वाद को 8 महीने तक लंबित रखने की शिकायत को लेकर अपना आवेदन दिया। इसमें से कुछ आवेदनों का निष्पादन तुरंत कर दिया गया और बाकी के लिए संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता, विनोद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त, कुंदन कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, राखी केसरी, एडीएम (आपदा), अरुण कुमार सिंह, सिविल सर्जन, डॉ. श्याम नंदन प्रसाद, एसडीएम सदर, राम बाबू बैठा, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, नीरज, डीएसपी (मुख्यालय) सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सक्षम जयपुर अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एसबी संवाददाता

जयपुर। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम जयपुर अभियान के तहत गुड टच बैड टच जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को झालाना स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बेटियों को गुड टच बैड टच की आवश्यक जानकारियों से रूबरू करवाया गया।

जिला कलक्टर डॉ जीतेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य आतिथ्य शिरकत की। डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने छात्राओं को सुरक्षा के साथ ही परीक्षा मे सफलता के टिप्स दिये, साथ ही मातृ भाषा का महत्व बताते हुए आम बोलचाल एवं कार्य में मातृ भाषा को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने इनाया फाउंडेशन की और से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के 1000 विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनके साथ होने वाले बैड टच की व्यथा का प्रभावी मंचन किया। इनाया फाउंडेशन सचिव नितिशा शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट 2012, चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, आत्म रक्षा, बाल विवाह उन्मूलन, वर्चुअल टच जैसे अपराधों के साथ ही महिला सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की कार्यक्रम के प्रथम फेज में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के अब तक लगभग 35 विद्यालयों के 40,000 छात्र छात्राओं को सन्देश दिया जा चुका है और दूसरे फेज में तकरीबन 15000 बच्चों तक पहुँच कर कानून की जानकारी देने का लक्ष्य है।

विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत अग्रवाल ने जिला कलक्टर डॉ. जीतेन्द्र कुमार सोनी एवं महिला अधिकारिता उप निदेशक राजेश डोंगीवाल का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा की लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन करवाया। कार्यक्रम मे टीम सुपरवाइजर विनय मित्तल, टीम कोर्डिनेटर योगेन्द्र कुमार, अर्पण भट्ट, वीरेंद्र सिंह, पूनम वर्मा ने कार्यक्रम अलग अलग विषयों प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद बच्चों से प्रश्न पूछे गए, जिनका सही जवाब देने वालों को कैप, जूट बैग और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल ने कुंभ मेले के दौरान चलाईं 1543 ट्रेनें

दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 7.6 लाख यात्रियों ने कुंभ मेले में यात्रा की

संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

नई दिल्ली। 13 जनवरी 2025 को कुंभ मेला शुरू होने के बाद से, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए कुंभ मेला स्टेशनों जैसेः प्रयाग जंक्शन, सूबेदारगंज, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जंक्शन और फाफामऊ जंक्शन के लिए नियमित ट्रेनों के अलावा कुंभ मेले के लिए लगातार विशेष ट्रेनें चला रहा है।

गत 12.1.2025 से 21.2.2025 तक की अवधि के दौरान कुंभ मेले में जाने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा हेतु दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से 108 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई हैं। इसी अवधि के दौरान दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से 1435 नियमित रेलगाड़ियां संचालित की गईं।

गत 12.01.2025 से 14.02.2025 की अवधि के दौरान, लगभग 4.3 लाख आरक्षित यात्री और 3.3 लाख अनारक्षित यात्री दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन और आनंद विहार टर्मिनल से कुंभ मेले के लिए यात्रा कर चुके हैं।

उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने नई दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री को दी बधाई

एसबी संवाददाता

जयपुर। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा गुरुवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए और नव नियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार नई दिल्ली के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में विकास कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

'संगीत हमारे जीवन में लाता है सकारात्मक बदलाव'

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

पंचकूला। राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के कुशल नेतृत्व में सांस्कृतिक समिति द्वारा यू नागमणि का मंडोलिन पर कर्नाटक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रस्तुत कार्यक्रम स्पिक मौके द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्पिक मैके युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन संस्था है। मृदंगम पर मदीपक्कम पी. सुरेश, घाटम पर एन. राजारामन थलम पर यू सुब्रह्मण्य राजू ने बड़ा ही भव्य और मनभावक कर्नाटक संगीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत ईश्वर की आराधना है, संगीत मन के विकार को दूर करती है, यह जीवन का रस है। संगीत हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। संगीत शरीर, मन और प्राण में पवित्रता और चेतना लाती है।

संगीत का उद्देश्य मानव को कलात्मक और रचनात्मक रूप से विकसित करना है। प्रस्तुत कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति के प्रभारी प्रोफेसर जगपाल और सदस्य प्रोफेसर पूजा सिंगल, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ इंदु, डॉक्टर नमिता, डॉ सोनाली और तबला वादक श्री वरुण शर्मा के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। प्रस्तुत जानकारी प्रोफेसर डॉक्टर बिंदु शर्मा ने दी है।

पिता को मोक्ष दिलाने के लिए बेटे ने लगाई आस्था की डुबकी

दिवंगत पिता की तस्वीर को कराया संगम स्नान

एसबी ब्यूरो प्रमुख/मिन्टू कुमार झा

समस्तीपुर। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक उत्सव महाकुंभ को लेकर जहां देश-दुनिया के करोड़ों सनातनियों की आस्था का जन समुद्र प्रयागराज के संगम तट पर दिन प्रतिदिन उमड़ रहा है। चाहे बात बड़े से बड़े सेलिब्रिटी की हो या फिर आध्यात्मिक गुरुओं, औद्योगिक घरानों सहित राजनेताओं की हो। पवित्र संगम में स्नान करने की उनकी वायरल तस्वीरें और वीडियो आस्था को पंख दे रही हैं।

वहीं दूसरी ओर समस्तीपुर जिले के एक युवक द्वारा अपने दिवंगत पिता को मोक्ष दिलाने हेतु उनकी तस्वीर को संगम में स्नान कराने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर सुर्खियों में है। इस बाबत विद्यापतिनगर प्रखंड अंतर्गत मऊ गांव निवासी पदमाकर सिंह लाला ने उस भावुक पलों का संस्मरण करते हुए बताया कि उनके पिता डा. सुधीर प्रसाद सिंह की मृत्यु गत 20 जून को हो गई थीं। वें धार्मिक आस्था से लबरेज धर्म परायण व्यक्तित्व थे।

तीर्थराज प्रयाग में महाकुंभ के आयोजन की जानकारी के बाद से ही वें पवित्र संगम में स्नान करने को इच्छुक थे। लेकिन नियति ऐसी कि महाकुंभ से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। पिता जी की भावनाओं को मूर्त रूप देने व सपनों को साकार करने के लिए मोक्षदायिनी संगम में उनकी तस्वीर को स्नान करवा कर उन्हें सद्गति व मोक्ष दिलाने का पुण्य प्रयास किया हूं। ये मेरे लिए हृदय विदारक व काफी भावुक पल था।

उधर दिवंगत पिता की इच्छा व भावनाओं को साकार करने सरीखा कार्य एक पुत्र द्वारा किए जाने को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स तारीफ कर रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के.के. सरोज द्वारा थाना वजीरगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया

कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन

बदायूं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0 के0 सरोज द्वारा थाना वजीरगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम गार्द कमाण्डर द्वारा सलामी दी गई तत्पश्चात थाना परिसर में थाना कार्यालय, जी0डी0 कार्यालय, हवालात, मालखाना, बैरक, महिला हैल्प डैस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, फैमिली क्वार्टर, मैस व विवेचना कक्ष का मुआयना किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

अर्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज अरविन्द कुमार, दिवसाधिकारी उ0नि0 विश्ववन्धु ढाका, सीसीटीएनएस पर कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए आलोक कुमार तथा का0 विवेक, थाना कार्यलेख पर का0 1439 शुभम कुमार, महिला हेल्प डेस्क पर म0आ0 1500 मंजीत कौर व संतरी पहरा पर का0 556 संदेश उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाने के अपराध रजिस्टर,रजिस्टर नं0-08, त्यौहार रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, आर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर तथा मिशन शक्ति रजिस्टर को चैक कर सम्बन्धित को अध्यावधिक हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा संबंधित को निम्न आदेश-निर्देश दिये गये। मिशन शक्ति फेज-05 के अन्तर्गत चलाये जा रहे विभिन्न अभियान, महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु स्थापित महिला हेल्पडेस्क के प्रभावी क्रियान्वयन व महिला बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की कार्यवाही कराये जाने व महिला बीट कर्मियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओ को नियमित रुप से जागरुक किया जायें।

महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर अभिलेखो को चेक कर आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम, पता, मो0नं0 एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख करने तथा समस्या के निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के विवरण का स्पष्ट उल्लेख करने एवं लम्बित महिला सम्बन्धी अपराधों में प्रभावी रुप से कार्यवाही करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना स्तर पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतापूर्वक गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया जाये। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर लम्बित प्रार्थना पत्रों को समयावधि में निस्तारित किया जाये।

अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र गुण-दोष के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। भूमि-विवाद सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण किया जाये।

पुलिस की सक्रियता बनाये रखने हेतु नियमित रूप से मुख्य बाजार/भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी चेकिंग/फुट पैट्रोलिंग की जाये। थाना परिसर की साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रखरखाव व थाने पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरो को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

गन्दगी को तुरंत हटवाने तथा क्षेत्र को साफ करवाने का किया मांग

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

पंचकूला। पंचकूला सेक्टर 20 में कुंडी गांव के सामने श्मशान घाट रोड़ पर हरियाणा पुलिस द्वारा चेकिंग तथा सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी भारी गन्दगी के ढेर के साथ लगाए पुलिस नाके बारे चर्चा करते हुए जजपा नेता ओ पी सिहाग ने कहा कि 3-4 महीने पहले हरियाणा पुलिस ने नाका लगाया था। यह नाका सुरक्षा एवं चेकिंग की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण जगह पर लगाया गया है क्योंकि ये सड़क सेक्टर 20 के श्मशान घाट के पास से गुजर कर जीरकपुर जाती है तथा यहां से काफी संख्या में लोगों तथा वाहनों का आना जाना होता है।

जजपा नेता सिहाग ने कहा कि जहां ये नाका लगाया है वहां पर बहुत ही ज्यादा गन्दगी है तथा गोबर के ढेर लगे हुए हैं। पुलिस नाके के पास इतनी ज्यादा गन्दगी है की आम लोगों को यहां से गुजरते वक्त बदबू कि वजह से नाक को

ढकने के लिए रुमाल का इस्तेमाल करना पड़ता है परंतु पुलिस के कर्मचारियों को तो यहां पर 24 घण्टों ड्यूटी देनी पड़ती है। उनका क्या हाल होता होगा ये बात आसानी से समझी जा सकती है। जजपा नेता ओपी सिहाग ने पंचकूला नगर निगम मेयर तथा आयुक्त से आग्रह किया है कि वो इस गन्दगी को तुरंत हटवाने तथा इस पूरे क्षेत्र को साफ करवाने का कार्य करे ताकि हमारी सुरक्षा में तैनात पुलिस के जवानो को इस नर्क से छुटकारा मिल सके।

जल संरक्षण के लिये जनभागीदारी बेहद जरूरी: एएस चावला

भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन पर कार्यशाला

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। एचएपी पुलिस कॉम्प्लेक्स मधुबन के निदेशक डा. अरशिंदर सिंह चावला ने कहा है कि पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। भावी पीढियों के लिये पानी बचाना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। खुद से शुरूआत करके दूसरों को भी पानी बचाने के लिये प्रेरित करना होगा।

डा. चावला मधुबन पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम हॉल में भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की स्थानीय भूमि एवं जल संरक्षण शाखा द्वारा किया गया। उन्होंने रंगरूटों से अपील की कि वे खुद भी पानी का वाजिब इस्तेमाल करें और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। पानी के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं है। पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। सरकार तो अपने स्तर पर जल संरक्षण के लिये कदम उठा ही रही है पर इसके लिये जनभागीदारी भी जरूरी है। पानी बचाने से आंतरिक संतुष्टि भी प्राप्त होगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंचायत विभाग के पूर्व महानिदेशक बीएस मलिक ने कहा कि जल संचयन में प्लास्टिक थैलियां एक बड़ी बाधा हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पाबंदी के बावजूद प्लास्टिक की थैलियां धड़ल्ले से बिक रही हैं। प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिये लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा है कि अगला विश्व युद्ध पानी को लेकर होगा। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद लोगों से अपील की कि पानी बचत की शुरूआत घर से करें। रसोई के फालतू पानी को नाली में बहाने की बजाय पेड़-पौधों व सब्जियों में डालें, ब्रुश अथवा हाथ धोते समय नल को खुला न छोड़ें, संभव हो तो नहाते समय फव्वारे की बजाय बाल्टी का प्रयोग करें, वाहन गली अथवा सडक पर रोजाना न धोयें, समारोहों में पानी की बोतलों का उचित इस्तेमाल करें।

पानी के अधिक प्रयोग से बिजली की खपत भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाने से काम चलने वाला नहीं, हर व्यक्ति को जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को लुभा रही 'भील आर्ट' कला

■ मेला में हर पर्यटक के दिल पर अमिट छाप छोड़ रहा

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। फरीदाबाद में 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में थीम स्टेट मध्यप्रदेश की पैवेलियन में स्टाल संख्या 1175 पर भील कला की झलक हर पर्यटक पर कला की अमिट छाप छोड़ रही है। यह स्टाल हर मेला विजिटर के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भोपाल के कलाकार अनिल बारिया द्वारा संचालित इस स्टॉल पर पद्मश्री सम्मानित कलाकार भूरी बाई की प्रेरणादायक लोक कला का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है।

भील समुदाय की पारंपरिक चित्रकला, जिसे भील आर्ट कहा जाता है, अद्वितीय रंगों, बिंदुओं और आकृतियों के संयोजन से जीवंत हो उठती है। यही कला अनिल बारिया के स्टॉल पर अपने पूरे वैभव के साथ प्रस्तुत की जा रही है। पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित भूरी बाई ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर इस कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इसके अलावा उन्हें सिकार सम्मान, देवी अहिल्या पुरस्कार, और रानी दुर्गावती पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उनके पुत्र अनिल बारिया, इस विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सूरजकुंड मेले में यह स्टॉल न केवल कला प्रेमियों बल्कि शोधकर्ताओं और इतिहासकारों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव लेकर आया है। यहाँ आने वाले दर्शक न केवल भील पेंटिंग्स को देख और खरीद सकते हैं, बल्कि इस कला के बारे में गहराई से समझ भी सकते हैं।

कलाकार अनिल बारिया कहते हैं कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में कलाकारों, बुनकरों और शिल्पकारों को सूरजकुंड मेला के रूप में बेहतरीन मंच प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा का आभार प्रकट करते है। सूरजकुंड मेला भारतीय लोक कला को वैश्विक मंच प्रदान करता है, और ऐसे में भूरी बाई और अनिल बारिया जैसे कलाकारों की भागीदारी इस पहल को और मजबूती मिल रही है।

आगामी 25 फरवरी को अंगौध गांव में होगा नाइट कैंप का आयोजन

जिला ब्यूरो प्रमुख निर्मल कुमार

कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि 25 फरवरी को गुहला खंड के गांव अंगौध के राजकीय मिडल स्कूल में जिला प्रशासन की ओर से नाइट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

इस कैंप में अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतें की सुनी जाएंगी। सभी अधिकारी इस कैंप में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा।

जीवन में हमें निरंतर सीखते रहना चाहिए : डॉ सोहन सिंह

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अकादमी के निदेशक ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली और प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र भी कराया। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 20 लोक अभियोजकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी व सुरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहें। डॉ सोहन सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने की कोई आयु सीमा नहीं होती, हमें जीवन में निरंतर कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए, जो जीवन में गति प्रदान करता है और गतिशीलता ही जीवन है। हमें अपने अंदर के छात्र को हमेशा जीवित रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कानून की नई बारीकियों के बारे में जानकारी से अवगत होते हैं और साथ ही ये हमें अपनी बात कहने का एक साझा मंच भी प्रदान करता है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से हम अनेक पहलूओं पर अन्य प्रतिभागियों के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान करने अवसर मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए।

जीवन भी एक खेल है, इसे खेलना जरूरी है: डॉ. आशिमा गक्खड़

शुभारंभ में मुख्यातिथि रहे विधायक जगमोहन आनंद

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। दयाल सिंह कॉलेज करनाल में दो दिवसीय 74वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के पूर्व छात्र एवं करनाल के विधायक जगमोहन आनंद के कर कमलों से हुआ। अपनी दैनिक व्यस्तताओं के बीच से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जगमोहन आनंद का कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ और खेलकूद समिति के सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया।

मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के बाद एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने मार्च पास्ट किया, जिसका नेतृत्व बीसीए अंतिम वर्ष के एनसीसी आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर प्रिंस ने किया। बीए छठे सेमेस्टर के होनहार छात्र निखिल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने खेल भावना को बनाए रखने और ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करने की शपथ भी ली। प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खेल किसी भी शिक्षण संस्थान का अभिन्न अंग होते हैं। उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हमारे समग्र विकास और स्वस्थ जीवनशैली को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। साथ ही, ये हमें अनुशासन और सामूहिक भावना से परिपूर्ण भी करते हैं।

शिक्षा और खेल का मेल बड़ी सफलता प्रदान करता क्योंकि खेल भाईचारे की भावना को पैदा करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण के कार्य के लिए प्रेरित भी करते हैं। डॉ. गक्खड़ ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए खेल समिति को बधाई देते हुए कहा कि आपने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करने और तैयार करने के लिए बहुत प्रयास किए हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में सफलता की नवीन ऊंचाइयों को छूने के लिए उत्साहित करते हुए प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

शहर का विकास करवाना होगी मेरी पहली प्राथमिकता: एडवोकेट सोनिया बोहत

वार्ड के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत को दिया समर्थन

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग

असन्ध। असंध में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जाएंगे और असंध शहर की जनता से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। शहर का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

उपरोक्त विचार असंध नगरपालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत ने वार्ड-14 व 15 में नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहे। एडवोकेट सोनिया बोहत का वार्ड की महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया और चुनाव में समर्थन देने का आश्वासन दिया। एडवोकेट ने वार्ड के लोगों से अपने पक्ष में वोट की अपील की। सोनिया बोहत ने कहा कि यह जीत मेरी जीत न होकर सभी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि यदि शहर की जनता ने मौका दिया तो सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जाएगें। वार्ड के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी सोनिया बोहत को आश्वासन देते हुए कहा कि 2 मार्च को होने वाले चुनाव में डमरू के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से जिताने का काम करेगें।

महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के महत्व और करियर अवसर पर हुआ विशेष व्याख्यान

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग

असन्ध। जीवन चानन महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ रेखा शर्मा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र, प्रबंधन और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वधान में 'अर्थशास्त्र के महत्त्व और करियर अवसर' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु से रिसर्च असिस्टेंट मेघा ने बताया कि अर्थशास्त्र का अध्ययन न केवल व्यावसायिक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह छात्राओं को वैश्विक आर्थिक परिपेक्ष्य को समझने में भी मदद करता है। रिसर्च असिस्टेंट मेघा ने छात्राओं को विभिन्न करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी, जो अर्थशास्त्र के अध्ययन से जुड़ी हुई हैं, जैसे कि वित्त, बैंको, सरकारी योजनाओं और शैक्षिक संस्थानों में करियर बनाने के अवसर। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि अर्थशास्त्र केवल एक विषय ही नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन और समाज को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि सही मार्गदर्शन से वे उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकती हैं।

यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए एक अद्वितीय अवसर था, जिससे उन्हें अर्थशास्त्र के विभिन्न पहलुओं और करियर विकल्पों के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से प्राध्यापिका डॉ. रेखा बंसल, मनीषा फोगाट, सुषमा शर्मा, श्वेता, अदिति शर्मा, अनुराधा, स्वर्णजीत कौर, भी उपस्थित रहे।

पूंडरी में निकाय चुनाव को लेकर सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

एसबी संवाददाता

पूंडरी। सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया ने आगामी दो मार्च को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर पूंडरी नगर पालिका के बूथों को निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली, पानी, रैंप, व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाए। किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं आनी दी जाए।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान दिव्यांग वोटरों को विशेष रूप से व्हीलचेयर व रैंप भी सुविधाजनक होने चाहिए। सफाई व्यवस्था में कोई भी कमी नहीं हो। उन्होंने पूंडरी के बूथ नंबर एक, नौ, 10, 13 व 15 का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूंडरी में 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बूथ नंबर एक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बूथ नंबर दो डीएवी कॉलेज पूंडरी, बूथ नंबर तीन राजकीय प्राईमरी स्कूल, बूथ नंबर चार व पांच पाई गेट खारंगर चौपाल, बूथ नंबर छह व सात ए.एस. सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बूथ नंबर 8 राजकीय प्राईमरी स्कूल, बूथ नंबर नौ व 10 राजकीय कन्या हाई स्कूल, बूथ नंबर 11 गुरू ब्रह्मानंद स्कूल पूंडरी, बूथ नंबर 12 राजकीय प्राईमरी स्कूल पूंडरी, बूथ नंबर 13 राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बूथ नंबर 14 गुरू ब्रह्मानंद स्कूल पूंडरी, बूथ नंबर 15 राजकीय सिनियर सैकेंडरी स्कूल, बूथ नंबर 16 गुरू ब्रह्मानंद स्कूल पूंडरी में बनाए गए हैं। इस मौके पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रम के 10 छात्रों ने जेईई मेन्स में प्राप्त किए 99 प्रतिशत से अधिक अंक

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

चंडीगढ़। हरियाणा के 'सुपर 100' कार्यक्रम में नामांकित 10 छात्रों ने जेईई (मेन्स) 2025 में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिसके परिणाम हाल ही में घोषित किए गए हैं। इस संबंध आज यहां जानकारी साझा करते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शीर्ष 10 छात्रों में से दो लड़कियां भी शामिल हैं।

भिवानी जिले के निवासी आदित्य 99.91 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहे हैं, जबकि जींद जिले के रविंदर ने 99.87 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में भिवानी से मुस्कान (99.84 प्रतिशत), फरीदाबाद से तनिष (99.81 प्रतिशत), महेंद्रगढ़ से विशेष यादव (99.56 प्रतिशत), गुरुग्राम से रोहित (99.44 प्रतिशत), फरीदाबाद से सुफ्ता परवीन (99.35 प्रतिशत), फतेहाबाद से योगेश (99.31 प्रतिशत), फरीदाबाद से विवेक (99.19 प्रतिशत) और जींद से दीपेंद्र (99.17 प्रतिशत) शामिल हैं।

इसी प्रकार, कार्यक्रम के तहत 26 छात्रों ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 25 छात्रों ने 95 प्रतिशत अंक को पार किया, 97 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 143 छात्रों ने जेईई (मेन्स) परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशालय की पहल 'सुपर 100' योजना 2025 का उद्देश्य NEET और IIT-JEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के इच्छुक छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है।

हाई स्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई यह योजना छात्रों को प्रेरित कर रही है और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रही है। इस पहल के माध्यम से छात्रों को निःशुल्क कोचिंग मिलती है , जिससे उन्हें इन परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पास करने में बहुत लाभ मिलता है। इससे प्रदेश में छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धी माहौल भी विकसित होता है।

राजौंद में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया

■ बहनों-भ्राताओ ने भव्य शोभायात्रा निकाली

■ थाना प्रभारी राजौंद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार व बीके ऊषा ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

राजौंद। राजौंद में महाशिवरात्रि पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य मे ब्रह्माकुमारी राजौंद द्वारा गत वीरवार भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा राजौंद के कैथल मार्ग ब्रह्माकुमारी आश्रम शुरू हुई। नगर के एसएचओ सब-इंस्पेक्टर राजकुमार व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने हरी झंडी देकर यात्रा का आरंभ किया। इस यात्रा की अगुवाई ब्रह्मकुमारी बहनों के द्वारा की गई।

यात्रा के अंतर्गत एक सुंदर झांकी का भी आयोजन किया गया। झांकी का मुख्य उद्देश्य यही बताना था कि सर्व धर्म के पिता, एक निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा है। भले उन्हें हम अलग-अलग नाम से पुकारते हैं, परंतु एक ही घर से हम सभी आत्माएं इस धरती पर आई हुई है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर घर को स्वर्ग जैसा बनाना तथा मानव जीवन को सुखमयी बनाना रहा।

इस यात्रा में आसपास के क्षेत्र से भी ब्रह्माकुमारी बहनों जैसे कि राहड़ा सेवा केंद्र, असंध से जयसिंहपुर, नीमवाला, राजौंद नगर व आसपास से आए हुए भाई बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मार्केट के भाई बहनों ने यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया। मेन बाजार, जींद मोड, मंडवाल रोड अलग-अलग स्थान पर यात्रा का स्वागत किया किया गया।

इस यात्रा में विशेष रूप से एसएचओ सब-इंस्पेक्टर राजकुमार ने शिरकत कर राजौंद क्षेत्र को नशा मुक्ति बनने का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी उषा दीदी ने व्यक्ति को नशों से दूर रहने तथा विकारों को अपने जीवन से खत्म कर परमपिता परमात्मा के साथ जुड़ने का आह्वान किया। आत्मदीप को जगाने के लिए राजयोग को अपनाने के बारे में नगर वासियों को आवाहन किया। बहनों ने नारों के द्वारा पूरे नगर में शिव संदेश दिया गया। यह शिव संदेश यात्रा ब्रह्माकुमारी आश्रम से आरंभ होकर नगर पालिका दफ्तर, मंडवाल रोड, फूलू पटटी, गड्डी पट्टी, कैथल रोड से होती हुई वापस राजौंद के कैथल मार्ग आश्रम पर आकर ही संपन्न हुई। यात्रा के अंत में सभी भाई बहनों को प्रसाद वितरित किया गया तथा सभी ने नाच गा कर शिव पिता का गुणगान किया। इस यात्रा में माताएं बहने कलश लेकर चली। उन्होंने संदेश दिया कि परमपिता परमात्मा ने ज्ञान का कलश माता, बहनों को देकर इस दुनिया में ज्ञान का प्रकाश फैला रहे हैं। ताकि फिर से भारत में रामराज्य आ सके। शोभायात्रा की नगर व क्षेत्र में प्रशंशा हो रही है।

भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष ने हिमाचल के मीडिया पर्सन्स को भी सीएम से सिफारिश कर पेंशन दिलाने का दिलाया भरोसा

संजना भारती संवाददाता

असन्ध। हरीश मदान भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर द्वारा आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का समापन आज शिमला के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निवास टिंबर हाउस में हुआ जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की वही पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेश भारद्वाज ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

आपको बता दें कि शिमला एवं हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के पत्रकारों का एक दल चंडीगढ़ से 16 फरवरी को शिमला पहुंचा था और यहां चार दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण शिविर एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिस्सा लेने कई पत्रकार पहुंचे थे। आज राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की भूमिका पर महत्व डालते हुए सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकार और पत्रकारिता की विशेष भूमिका रही है जिससे हमें आजादी मिली उन्होंने कहा कि जिस तरह से उसे समय अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन चल रहे थे और उनके विरोध एवं उनके द्वारा किए जा रहे जनता के शोषण के कामों को अखबार के माध्यम से देश के घर-घर तक पहुंचाने का काम पत्रकारों ने किया और उनके इसी प्रयास से आजादी के मुहिम बहुत मजबूत हुई और अंत में 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली।

उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में जिस तरह से प्रिंट मीडिया के अलावे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के आने के बाद जिस तरह से पत्रकारिता में काफी बदलाव हुए हैं इसको लेकर उनका कहना था कि आज अखबार पढ़ने के लिए सुबह अखबार आने का इंतजार नहीं करना पड़ता बल्कि इंटरनेट के माध्यम से आप ऐप डाउनलोड कर वेबसाइट पर जाकर सारे अखबारों को आसानी से पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में पत्रकारिता में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है लेकिन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ने जिस तरह से आज समाज को एक करने का काम किया है वह भविष्य में भी ऐसे ही पत्रकारिता के माध्यम से चलता रहेगा।

वही बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेश भारद्वाज ने भारतीय पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह से आजादी के समय पत्रकारों ने अंग्रेजों के खिलाफ उनके द्वारा किए जा रहे को कृतियों को जनता तक पहुंचाने का काम किया और जितने भी स्वतंत्रता सेनानी हुए वह भी पत्रकारिता करते थे और अखबार निकालते थे जिससे देश की जनता को यह बताया जाता था कि अंग्रेज किस तरह से हमारे देश को लूटने का काम कर रहे हैं और पत्रकारिता के द्वारा जलाई गई अलख से ही लोगों में जागरूकता हुई और देश को आजादी मिली। उन्होंने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री के द्वारा शिमला में पत्रकारों के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहने चाहिए जिससे पत्रकारिता को और मजबूत किया जा सके।

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया व सुरेश भारद्वाज असंध से वरिष्ठ पत्रकार हरीश मदान को सम्मानित करते हुए। (छाया: एसबी)

भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में जहां मुख्य अतिथि हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को साल एवं एक स्मृति चिन्ह राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने सम्मानित किया वहीं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज को शाल एवं स्मृति चिन्ह देखकर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसवीर सिंह दुग्गल एवं राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह ने सम्मानित किया।

वही सम्मान समारोह में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश राय को साल एवं स्मृति चिन्ह देखकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सम्मानित किया साथ ही हरियाणा प्रदेश के महासचिव जनेंद्र वशिष्ठ को साल एवं स्मृति चिन्ह देखकर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश भारद्वाज ने सम्मानित किया। शिमला सहित विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों को संयुक्त रूप से स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया और पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद ने सम्मानित किया।

शिमला के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निवास टिंबर हाउस में आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन श्री महासचिव जसबीर सिंह दुग्गल, सतनाम सिंह हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश राय हरियाणा प्रदेश महासचिव धनेंद्र वशिष्ठ सहित भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के कई वरिष्ठ पद्धति अधिकारी एवं सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया हिमाचल विधानसभा के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ज्वाइन डायरेक्टर हरदयाल भारद्वाज भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

सीआईए-1 पुलिस द्वारा 630 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित नशा तस्कर काबू

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। नशा तस्करों पर एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार लगातार शिकंजा कसते हुए वीरवार को सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 630 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई कमलजीत की टीम सांयकालीन गश्त दौरान बस स्टैंड कैथल के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि प्रताप गेट कैथल निवासी बंटी नशीला पदार्थ गांजा पत्ती कुरुक्षेत्र से लाकर कैथल में सप्लाई करने का काम करता है। जो कुरुक्षेत्र से गांजा फुल पत्ती लेकर बस स्टैंड कैथल से ढांड चौक की तरफ आने वाला है, जिसे नाकाबंदी करके काबु किया जा सकता है।

सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए रेलवे फाटक नजदीक बस के पास निगरानी शुरू की गई। जो कुछ समय बाद बस स्टैंड की तरफ से आए संदिग्ध धर्मवीर उर्फ बंटी उपरोक्त को पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार कैथल जोगिंद्र धनखड़ के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में एक पॉलीथिन से 630 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज करके सीआईए-1 से मौके पर पहुंचे एएसआई राजीव कुमार द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

आरोपी नशा तस्कर सीआईए-1 पुलिस गिरफ्त में। (छाया: एसबी)